मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-434
23/12/2024

# मुख्यमंत्री ने पश्चिम चंपारण जिला के थारू टोला घोटवा से की 'प्रगति यात्रा' की शुरुआत, 172.19 करोड़ रुपये की 41 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना, 23 दिसम्बर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज पश्चिम चंपारण जिला के बगहा–2 प्रखंड अंतर्गत संतपुर सोहरिया पंचायत स्थित थारू टोला घोटवा से 'प्रगति यात्रा' के प्रथम चरण की शुरुआत की। यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने थारू टोला घोटवा का भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कराए गए विकासात्मक कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने थारू टोला घोटवा में 172.19817 करोड़ रुपये की लागत वाली 41 योजनाओं से संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

थारू टोला घोटवा भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने मनरेगा द्वारा निर्मित छिलका, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, अपशिष्ट प्रबंधन इकाई, जिला परिषद द्वारा निर्मित पार्क एवं ओपेन जिम, मुख्यमंत्री ग्रामीण स्ट्रीट लाइट योजना, नली–गली योजना, नल जल योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना आदि का मुआयना किया। थारू समुदाय एवं जीविका दीदियों के द्वारा मुख्यमंत्री के स्वागत में पुष्प वर्षा किया गया। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्यायें सुनी और उसके यथाशीघ्र समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग अंतर्गत 139.04 करोड़ रुपए की लागत से थरुहट क्षेत्र के 25 गांवों के 11798 घरों को ऑफ ग्रिड से ऑन ग्रिड विद्युतीकरण के क्षेत्र में संरचना निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

थारू टोला घोटवा में कराए गए विकास कार्यों से पूर्व की स्थिति के संबंध में अधिकारियों ने जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री को बताया कि थारू टोला घोटवा दोन नहर के किनारे बसा हुआ है, जो वाल्मीकिनगर जंगल के निकट स्थित है। वर्षा के दिन में जलस्तर बढ़ने से न केवल आवागमन बंद हो जाता था बल्कि इस गांव का सम्पर्क अन्य ग्रामों से भी टूट जाता था। बीमारों को इलाज कराने के लिए बाहर जाने तक में कठिनाई होती थी। छिलका के निर्माण से सुचारू आवागमन के साथ ही गांव में सम्पर्कता बनी रहेगी। उसी प्रकार से थारू क्षेत्र के 25 पंचायतों में ऑफ ग्रिड से बिजली आपूर्ति होने के कारण इन क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति कम समय के लिए होती थी। ऑन ग्रिड विद्युतीकरण होने से इन क्षेत्रों में निर्बाध रूप से पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति की जाएगी।

थारू टोला घोटवा में थारू समुदाय एवं जीविका दीदियों के द्वारा स्थानीय स्तर पर निर्मित किए जा रहे विभिन्न उत्पादों के संबंधित लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। ओपेन जीम प्रांगण में मुख्यमंत्री ने पौधारोपण किया। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के आगमन पर अपने–अपने घरों के सामने रंगोली बनाकर उनके विकास कार्यों को लेकर आभार प्रकट किया।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं एवं जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्प–गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर तथा फूलों की बड़ी माला पहनाकर अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, सांसद श्री सुशील कुमार कुशवाहा, विधायक श्री धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, विधान पार्षद श्री भीष्म सहनी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मिहिर कुमार सिंह, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव श्री बी0 राजेंदर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, ऊर्जा विभाग के सचिव श्री पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री दिनेश कुमार राय, पुलिस उप महानिरीक्षक बेतिया प्रक्षेत्र श्री जयंत कांत, पुलिस अधीक्षक बगहा श्री सुशांत सरोज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारी एवं आमजन उपस्थित थे।

प्रगति यात्रा पर निकलने के क्रम में पटना हवाई अड्डा पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं लोगों ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने पटना हवाई अड्डा पर नवनिर्मित विशिष्ट अतिथि कक्ष (लाउंज) का उद्घाटन एवं निरीक्षण किया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी पटना श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******